Series PQ3RS/3

Set – 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/3/3**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 1** मानचित्र हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **21** printed pages **+ 1** Map.*
- *Please check that this question paper contains **34** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । यह प्रश्न **5** अंकों का है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख, ग तथा घ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

## खण्ड क

## (बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) *21×1=21*

**1.** मगध के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से विकल्प सही हैं ?

I. मगध एक बहुत शक्तिशाली महाजनपद था ।

II. राजगाह मगध की राजधानी थी ।

III. मगध अर्ध-शुष्क क्षेत्र में था ।

IV. मगध प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध था ।

विकल्प :

(A) I, II और IV सही हैं

(B) I, II और III सही हैं

(C) I, III और IV सही हैं

(D) II, III और IV सही हैं



collegedunia India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *Sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– question number* ***1*** *to* ***21*** *are Multiple Choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– question number* ***22*** *to* ***27*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Write answer to each question in* ***60*** *to* ***80*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– question number* ***28*** *to* ***30*** *are Long Answer (LA) type questions. Each question carries* ***8*** *marks. Write answer to each question in* ***300*** *to* ***350*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– question number* ***31*** *to* ***33*** *are Source-based questions having three sub-questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(vii)* ***Section E*** *– question number* ***34*** *is Map-based question that includes the identification and location of significant test items. This question carries* ***5*** *marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and D of question paper. A candidate has to write answer for only one of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, Note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Which of the following options are correct regarding Magadha ?

I. Magadha was the most powerful Mahajanapada.

II. Rajgaha was the capital of Magadha.

III. Magadha was in a semi-arid area.

IV. Magadha was rich in natural resources.

Options :

(A) I, II and IV are correct

(B) I, II and III are correct

(C) I, III and IV are correct

(D) II, III and IV are correct



collegedunia
India's largest Student Review Platform

2. निम्नलिखित को कालानुक्रम से क्रमबद्ध कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. अशोक का शासन
II. महापद्मनंद का शासन
III. हर्षवर्धन का शासन
IV. समुद्रगुप्त का शासन

विकल्प :

(A) I, III, IV, II
(B) III, II, I, IV
(C) II, I, IV, III
(D) IV, III, I, II

3. निम्नलिखित में से किस कला शैली को बुद्ध की दी गई मूर्तिकला छवि में दर्शाया गया है ?



(A) अमरावती कला शैली
(B) मथुरा कला शैली
(C) गांधार कला शैली
(D) गॉथिक कला शैली

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र.सं.* ***3*** *के स्थान पर है :*

बुद्ध की शिक्षाओं का संकलन निम्नलिखित में से किस ग्रंथ में किया गया ?

(A) *उत्तराध्ययन सूत्र*
(B) *सुत्त पिटक*
(C) *कल्पसूत्र*
(D) *ऋग्वेद*

4. दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

____________ का हड़प्पा पुरास्थल वर्तमान राजस्थान में स्थित है ।

(A) राखीगढ़ी
(B) लोथल
(C) कालीबंगन
(D) मांडा



collegedunia
India's largest Student Review Platform

2. Arrange the following in chronological order and choose the correct option :

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | Rule of Asoka | II. | Rule of Mahapadma Nanda |
| III. | Rule of Harshavardhana | IV. | Rule of Samudragupta |

Options :

(A) I, III, IV, II (B) III, II, I, IV

(C) II, I, IV, III (D) IV, III, I, II

3. Which of the following schools of art is depicted in the given sculpture image of Buddha ?



(A) Amravati school of art (B) Mathura school of art

(C) Gandhara school of art (D) Gothic school of art

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No.* ***3*** *:*

In which of the following texts were Buddha's teachings compiled ?

(A) *Uttaradhyayana Sutta* (B) *Sutta Pitaka*

(C) *Kalpsutta* (D) *Rigveda*

4. Fill in the blank with the appropriate word from the given options :

The Harappan site of ________ is located in present day Rajasthan.

(A) Rakhigarhi (B) Lothal

(C) Kalibangan (D) Manda



collegedunia India's largest Student Review Platform

**5.** कनिंघम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. कनिंघम भारतीय पुरातात्त्विक सर्वेक्षण का पहला डायरेक्टर-जनरल था ।

II. उसने 19वीं शताब्दी के मध्य में पुरातात्त्विक उत्खनन का कार्य आरम्भ किया ।

III. उसने पुरातत्त्व की पद्धति में सैनिक परिशुद्धता का समावेश किया ।

IV. उसने चीनी बौद्ध तीर्थयात्रियों द्वारा छोड़े गए वृत्तांतों का प्रयोग किया ।

विकल्प :

(A) I और IV सही हैं

(B) I और II सही हैं

(C) I, II और III सही हैं

(D) I, II और IV सही हैं

**6.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । उन्हें ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* इब्न बतूता ने भारतीय कृषि को बहुत उत्पादक पाया ।

*कारण (R) :* मिट्टी उपजाऊ थी जिससे किसानों को साल में दो फसलों को उगाना संभव था ।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**7.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से व्यक्ति की पहचान कीजिए :

- वह एक प्रसिद्ध अभियंता, सर्वेक्षक और मानचित्रकार था ।
- 1815 में उसे भारत का पहला सर्वेयर जनरल बनाया गया ।

विकल्प :

(A) अलेक्जेंडर ग्रीनलॉ

(B) कॉलिन मैकेंज़ी

(C) जॉन मार्शल

(D) आर.ई.एम. व्हीलर



collegedunia
India's largest Student Review Platform

5. Read the following statements regarding Cunningham and choose the correct option :

I. Cunningham was the first Director-General of ASI.

II. He began archaeological excavations in mid $19^{th}$ century.

III. He brought a military precision to the practice of archaeology.

IV. He used the accounts left by Chinese Buddhist pilgrims.

Options :

(A) I and IV are correct

(B) I and II are correct

(C) I, II and III are correct

(D) I, II and IV are correct

6. Two statements as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and choose the correct option :

*Assertion (A) :* Ibn Battuta found Indian agriculture very productive.

*Reason (R) :* The soils were fertile which allowed the farmers to produce two crops a year.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

7. Identify the person with the help of following information :

- He was a famous engineer, surveyor and cartographer.
- He was appointed the first Surveyor General of India in 1815.

Options :

(A) Alexander Greenlaw

(B) Colin Mackenzie

(C) John Marshall

(D) R.E.M. Wheeler



collegedunia
India's largest Student Review Platform

8. स्तम्भ I का मिलान स्तम्भ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| *स्तम्भ I (महाभारत के पात्र)* | | *स्तम्भ II (भूमिका)* |
|---|---|---|
| 1. दुर्योधन | (i) | हिडिम्बा का पुत्र |
| 2. गांधारी | (ii) | धृतराष्ट्र का ज्येष्ठ पुत्र |
| 3. कुंती | (iii) | पांडवों की माता |
| 4. घटोत्कच | (iv) | दुर्योधन की माता |

विकल्प :

(A) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)
(B) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)
(C) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii), 4-(iv)
(D) 1-(ii), 2-(iv), 3-(iii), 4-(i)

9. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ?

| | *स्तम्भ I (मंदिर)* | | *स्तम्भ II (स्थान)* |
|---|---|---|---|
| (A) | चिदम्बरम मंदिर | — | तंजावुर |
| (B) | बृहदेश्वर मंदिर | — | विजयनगर |
| (C) | चन्नकेश्व मंदिर | — | बेलूर |
| (D) | हज़ार राम मंदिर | — | तमिलनाडु |

10. निम्नलिखित में से किसने *महाभारत* का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने का ज़िम्मा उठाया ?

(A) डी.एन. झा
(B) इरावती कार्वे
(C) वी.एस. सुकथांकर
(D) राम करण शर्मा

11. दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

मुगल साम्राज्य की वह ज़मीन जिसमें एक के बाद एक फ़सल की सालाना खेती होती थी, को __________ कहा जाता था ।

(A) पोलज
(B) परौती
(C) बंजर
(D) चचर



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**8.** Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | *Column I (Characters of Mahabharata)* | | *Column II (Role)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Duryodhana | (i) | Son of Hidimba |
| 2. | Gandhari | (ii) | Eldest son of Dhritrashtra |
| 3. | Kunti | (iii) | Mother of Pandavas |
| 4. | Ghatotkacha | (iv) | Mother of Duryodhana |

Options :

(A) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)
(B) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)
(C) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii), 4-(iv)
(D) 1-(ii), 2-(iv), 3-(iii), 4-(i)

**9.** Which one of the following pairs is correctly matched ?

| | *Column I (Temple)* | | *Column II (Location)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Chidambaram Temple | — | Thanjavur |
| (B) | Brihadishvara Temple | — | Vijayanagara |
| (C) | Chennakeshava Temple | — | Belur |
| (D) | Hazara Rama Temple | — | Tamil Nadu |

**10.** Who among the following initiated the task of preparing the critical edition of *Mahabharata* ?

(A) D.N. Jha
(B) Irawati Karve
(C) V.S. Sukthankar
(D) Ram Karan Sharma

**11.** Fill in the blank with the appropriate word from the given options :
The land which was annually cultivated for each crop in succession was called __________ in the Mughal Empire.

(A) Polaj (B) Parauti (C) Banjar (D) Chachar


collegedunia India's largest Student Review Platform

**12.** स्तम्भ I का मिलान स्तम्भ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तम्भ I* | | *स्तम्भ II* |
|---|---|---|---|
| | *(यात्री)* | | *(लिखी गई किताबें)* |
| 1. | अबुल फ़ज़ल | (i) | *ट्रैवल्स इन द मुगल एम्पायर* |
| 2. | इब्न बतूता | (ii) | *किताब-उल-हिन्द* |
| 3. | अल-बिरुनी | (iii) | *रिहला* |
| 4. | फ्राँस्वा बर्नियर | (iv) | *आइन-ए-अकबरी* |

विकल्प :

(A) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)
(B) 1-(iii), 2-(ii), 3-(i), 4-(iv)
(C) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)
(D) 1-(i), 2-(iii), 3-(ii), 4-(iv)

**13.** निम्नलिखित में से किस जिले में रैयतों ने रैयतवाड़ी व्यवस्था में साहूकारों के विरुद्ध विद्रोह किया था ?

(A) अवध
(B) बैरकपुर
(C) भागलपुर
(D) पूना

**14.** स्तम्भ I का मिलान स्तम्भ II से कीजिए और निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तम्भ I* | | *स्तम्भ II* |
|---|---|---|---|
| | *(1857 के विद्रोह के नेता )* | | *(संबंधित क्षेत्र)* |
| 1. | कुँवर सिंह | (i) | सिंहभूम |
| 2. | शाह मल | (ii) | आरा |
| 3. | बिरजिस क़द्र | (iii) | बड़ौत |
| 4. | गोनू | (iv) | लखनऊ |

विकल्प :

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)
(B) 1-(iii), 2-(ii), 3-(iv), 4-(i)
(C) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)
(D) 1-(iv), 2-(ii), 3-(iii), 4-(i)

**15.** मुगल काल में निम्नलिखित में से कौन-सा कबीला भारत और अफ़ग़ानिस्तान के बीच ज़मीनी व्यापार में लगा था और पंजाब के गाँवों और शहरों में भी शिरकत करता था ?

(A) मुंडा
(B) कोच
(C) अहोम
(D) लोहानी


collegedunia
India's largest Student Review Platform

12. Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | *Column I (Traveller)* | | *Column II (Books authored)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Abu'l Fazl | (i) | *Travels in the Mughal Empire* |
| 2. | Ibn Battuta | (ii) | *Kitab-ul-Hind* |
| 3. | Al-Biruni | (iii) | *Rihla* |
| 4. | François Bernier | (iv) | *Ain-i-Akbari* |

Options :

(A) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)
(B) 1-(iii), 2-(ii), 3-(i), 4-(iv)
(C) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)
(D) 1-(i), 2-(iii), 3-(ii), 4-(iv)

13. In which of the following districts did the ryots revolt against sahukars of the Ryotwari system ?

(A) Awadh (B) Barrackpore (C) Bhagalpur (D) Poona

14. Match Column I with Column II and choose the correct option from the following :

| | *Column I (Leaders of the Revolt of 1857)* | | *Column II (Related Region)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Kunwar Singh | (i) | Singhbhum |
| 2. | Shah Mal | (ii) | Arrah |
| 3. | Birjis Qadr | (iii) | Barout |
| 4. | Gonoo | (iv) | Lucknow |

Options :

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)
(B) 1-(iii), 2-(ii), 3-(iv), 4-(i)
(C) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)
(D) 1-(iv), 2-(ii), 3-(iii), 4-(i)

15. Which one of the following tribes was engaged in overland trade between India and Afghanistan and in the villages and towns in Punjab during the Mughal era ?

(A) Mundas
(B) Koch
(C) Ahoms
(D) Lohanis


collegedunia India's largest Student Review Platform

16. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ?

| | *संत* | | *उनका क्षेत्र* |
|---|---|---|---|
| (A) | कबीरदास | — | कर्नाटक |
| (B) | मीराबाई | — | राजस्थान |
| (C) | बासवन्ना | — | असम |
| (D) | शंकरदेव | — | उत्तर प्रदेश |

17. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के नरम दल से संबंधित थे ?
(A) बिपिन चंद्र पाल
(B) बाल गंगाधर तिलक
(C) गोपाल कृष्ण गोखले
(D) लाला लाजपत राय

18. "खूब लड़ी मर्दानी, वह तो झाँसी वाली रानी थी ।"
निम्नलिखित में से किसने इन पंक्तियों को लिखा है और लक्ष्मी बाई को अन्याय का विरोध करने के प्रतीक के रूप में चित्रित किया है ?
(A) सरोजिनी नायडू
(B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(C) हरिवंश राय बच्चन
(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

19. 13 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा में निम्नलिखित में से किसने 'उद्देश्य प्रस्ताव' पेश किया ?
(A) वल्लभ भाई पटेल
(B) बी.आर. अम्बेडकर
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) राजेन्द्र प्रसाद

20. संविधान सभा में केन्द्र में मजबूत सरकार बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस पर चर्चा की गई ? निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।
I. देश के कल्याण के लिए योजना बनाने के लिए ।
II. राज्य स्तर पर मजबूत प्रशासन स्थापित करने के लिए ।
III. उपलब्ध आर्थिक संसाधनों को जुटाने के लिए ।
IV. विदेशी आक्रमण से देश की रक्षा करने के लिए ।
विकल्प :
(A) I, II और IV
(B) I, II और III
(C) II, III और IV
(D) I, III और IV

21. 'भारत छोड़ो आंदोलन' से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?
(A) भारत छोड़ो आंदोलन एक जन आंदोलन था ।
(B) हजारों भारतीयों ने इस आंदोलन में भाग लिया ।
(C) सतारा और मेदिनीपुर में 'स्वतंत्र' सरकार की स्थापना कर दी गई ।
(D) रजवाड़ों में 'प्रजा मंडलों' की एक शृंखला स्थापित की गई ।


collegedunia
India's largest Student Review Platform

16. Which one of the following pairs is correctly matched ?

| | *Saints* | | *Their Region* |
|---|---|---|---|
| (A) | Kabirdas | — | Karnataka |
| (B) | Mirabai | — | Rajasthan |
| (C) | Basavanna | — | Assam |
| (D) | Shankaradeva | — | Uttar Pradesh |

17. Who among the following belonged to a Moderate group of Indian National Congress ?

(A) Bipin Chandra Pal
(B) Bal Gangadhar Tilak
(C) Gopal Krishan Gokhale
(D) Lala Lajpat Rai

18. "Khoob ladi mardani, woh to Jhansi wali rani thi."
Who among the following has written these lines and portrayed Laxmi Bai as a symbol to resist injustice ?

(A) Sarojini Naidu
(B) Suryakant Tripathi Nirala
(C) Harivansh Rai Bachchan
(D) Subhadra Kumari Chauhan

19. Who among the following introduced the 'Objectives Resolution' in the Constituent Assembly on 13$^{th}$ December, 1946 ?

(A) Vallabh Bhai Patel
(B) B.R. Ambedkar
(C) Jawaharlal Nehru
(D) Rajendra Prasad

20. Which of the following were discussed in the Constituent Assembly for making a strong government at the Centre ? Choose the correct option from the following.

I. Planning for the well-being of the country.
II. To establish strong administration at the state level.
III. To mobilise available economic resources.
IV. To defend the country against foreign aggression.

Options :

(A) I, II and IV
(B) I, II and III
(C) II, III and IV
(D) I, III and IV

21. Which of the following statements is ***not*** correct regarding 'Quit India Movement' ?

(A) Quit India Movement was a mass movement.
(B) Thousands of Indians took part in this movement.
(C) 'Independent' governments were proclaimed in Satara and Medinipur.
(D) A series of 'Praja Mandals' were established in princely states.


collegedunia India's largest Student Review Platform

## खण्ड ख

**(लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *6×3=18*

**22.** (क) विभिन्न स्थलों पर हड़प्पावासियों द्वारा उपयोग की जाने वाली सिंचाई की विधियों की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) हड़प्पा सभ्यता में लोगों के बीच सामाजिक और आर्थिक अंतरों को समझने में शवाधान किस प्रकार सहायक हैं, व्याख्या कीजिए । *3*

**23.** अभिलेख साक्ष्यों की किन्हीं तीन सीमाओं का विश्लेषण कीजिए । *3*

**24.** 14वीं शताब्दी के दौरान इब्न बतूता ने संचार की प्रणाली के बारे में क्या वर्णित किया है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**25.** मुगल भारत में ज़मींदारों द्वारा निभाई गई भूमिका की परख कीजिए । *3*

**26.** (क) गाँधीजी के बारे में जानने के किन्हीं तीन स्रोतों का वर्णन कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) नमक सत्याग्रह में गाँधीजी की भूमिका का वर्णन कीजिए । *3*

**27.** संविधान के मसविदे (प्रारूप) में विषयों की बनाई गई तीन सूचियों की व्याख्या कीजिए । *3*

## खण्ड ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *3×8=24*

**28.** (क) कबीर के जीवन और शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) बाबा गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए । *8*

**29.** (क) अलवारों और नयनारों के विचारों की व्याख्या कीजिए । राज्यों के साथ इन्होंने अपने संबंध किस प्रकार स्थापित किए ? स्पष्ट कीजिए । *4+4=8*

**अथवा**

(ख) सूफ़ीवाद के उदय के कारणों की व्याख्या कीजिए और सूफ़ियों के राज्य के साथ संबंधों को भी स्पष्ट कीजिए । *4+4=8*


collegedunia
India's largest Student Review Platform

## SECTION B

**(Short Answer Type Questions)** *6×3=18*

**22.** (a) Explain the methods of irrigation used by the Harappans at different sites. *3*

**OR**

(b) Explain how burials help in understanding the social and economic differences amongst the people in Harappan civilization. *3*

**23.** Analyse any three limitations of inscriptional evidences. *3*

**24.** Explain what Ibn Battuta had described about the system of communication during the $14^{th}$ century. *3*

**25.** Examine the role played by Zamindars in Mughal India. *3*

**26.** (a) Describe any three sources to know about Gandhiji. *3*

**OR**

(b) Describe the role of Gandhiji in the Salt Satyagraha. *3*

**27.** Explain the three lists of subjects provided by the Draft Constitution. *3*

## SECTION C

**(Long Answer Type Questions)** *3×8=24*

**28.** (a) Explain the life and teachings of Kabir. *8*

**OR**

(b) Explain the life and teachings of Baba Guru Nanak Dev ji. *8*

**29.** (a) Explain the ideas of Alvars and Nayanars. Elucidate how they established their relations with the states. *4+4=8*

**OR**

(b) Explain the causes of the growth of Sufism and also explain the Sufis relations with the state. *4+4=8*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

30. (क) बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त के कार्यान्वयन और इसके परिणामों को प्रभावित करने वाले कारकों की परख कीजिए । *4+4=8*

**अथवा**

(ख) "18वीं शताब्दी के अंत में उत्तर बंगाल के कुछ क्षेत्रों में जोतदार प्रभावशाली बन गए थे ।" इस कथन की परख कीजिए । *8*

## खण्ड घ
## (स्रोत-आधारित प्रश्न) *3×4=12*

31. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**रेशम बुनकरों ने क्या किया ?**

निम्नलिखित अंश संस्कृत के एक अभिलेख से उद्धृत है :

कुछ लोगों को संगीत से अत्यंत प्रेम है जो कानों को प्रिय होता है; अन्य को गर्व है सैकड़ों उत्तम जीवनियों (के रचयिता होने) का, इस तरह वे अनेक कथाओं से परिचित हैं । (अन्य) विनीत भाव से उत्तम धार्मिक व्याख्यानों में तल्लीन हैं... कुछ लोग अपने धार्मिक अनुष्ठानों में श्रेष्ठ हैं; इसी तरह अपने पर निग्रह रखने वाले (वैदिक) खगोल शास्त्र में पारंगत हैं ।

(31.1) शिलालेख में संगीत के प्रति प्रेम कैसे व्यक्त किया गया ? *1*

(31.2) व्यक्तियों ने वैदिक खगोल विज्ञान में अपनी निपुणता कैसे प्रदर्शित की ? *1*

(31.3) शिलालेख में उल्लिखित विभिन्न प्रतिभाओं ने समाज के समग्र ढाँचे में किस प्रकार योगदान दिया ? *2*


collegedunia India's largest Student Review Platform

30. (a) Examine the factors that influenced the implementation of the Permanent Settlement in Bengal and its consequences. *4+4=8*

**OR**

(b) "The jotedars became powerful figures in many areas of North Bengal during the end of the $18^{th}$ century." Examine the statement. *8*

## SECTION D

## (Source-Based Questions) *3×4=12*

31. Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**What the silk weavers did**

Here is an excerpt from the inscription, which is in Sanskrit :

Some are intensely attached to music (so) pleasing to the ear; others, being proud of (the authorship of) a hundred excellent biographies, are conversant with wonderful tales; (others), filled with humility, are absorbed in excellent religious discourses; ... some excel in their own religious rites; likewise by others, who were self-possessed, the science of (Vedic) astronomy was mastered.

(31.1) How was love for music expressed in the inscription ? *1*

(31.2) How did individuals demonstrate their mastery in the science of Vedic astronomy ? *1*

(31.3) In what ways did the various talents mentioned in the inscription contribute to the overall fabric of society ? *2*



collegedunia India's largest Student Review Platform

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**हौज़ों/जलाशयों का निर्माण किस प्रकार होता था ?**

कृष्णदेव राय द्वारा बनवाए गए जलाशय के विषय में पेस लिखता है :

राजा ने एक जलाशय बनवाया ... दो पहाड़ियों के मुख-विबर पर जिससे दोनों में से किसी पहाड़ी से आने वाला सारा जल वहाँ इकट्ठा हो, इसके अलावा जल 9 मील (लगभग 15 किमी) से भी अधिक की दूरी से पाइपों से आता है जो बाहरी शृंखला के निचले हिस्से के साथ-साथ बनाए गए थे । यह जल एक झील से लाया जाता है जो छलकाव से खुद एक छोटी नदी में मिलती है । जलाशय में तीन विशाल स्तंभ बने हैं जिन पर खूबसूरती से चित्र उकेरे गए हैं; ये ऊपरी भाग में कुछ पाइपों से जुड़े हुए हैं जिनसे ये अपने बगीचों तथा धान के खेतों की सिंचाई के लिए पानी लाते हैं । इस जलाशय को बनाने के लिए इस राजा ने एक पूरी पहाड़ी को तुड़वा दिया ... जलाशय में मैंने इतने लोगों को कार्य करते देखा कि वहाँ पन्द्रह से बीस हज़ार आदमी थे, चींटियों की तरह ...

(32.1) कृष्णदेव राय ने जलाशय का निर्माण क्यों करवाया ? *1*

(32.2) कृष्णदेव राय ने जलाशय के निर्माण के लिए दो पहाड़ियों के मुख-विबर के स्थान को क्यों चुना ? *1*

(32.3) जलाशयों के पानी का उपयोग किस प्रकार किया जाता था ? *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**नवाब साहब जा चुके हैं**

एक और गीत में ऐसे शासक की दुर्दशा पर विलाप किया जा रहा है जिसे मजबूरन अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी :

अभिजात और किसान, सब रो रहे थे ।

और सारा आलम रोता-चिल्लाता था ।

हाय! जान-ए-आलम देस से विदा लेकर परदेस चले गए हैं ।

(33.1) नवाब को हटाने का तत्काल प्रभाव क्या पड़ा ? *1*

(33.2) नवाब के गद्दी से हटने और जाने पर भावनात्मक उथल-पुथल क्यों मची ? *1*

(33.3) अवध का अधिग्रहण अंग्रेज़ों की औपनिवेशिक रणनीति में किस प्रकार सही रहा ? स्पष्ट कीजिए । *2*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**How tanks were built ?**

About a tank constructed by Krishnadeva Raya, Paes wrote :

The king made a tank ... at the mouth of two hills so that all the water which comes from either one side or the other collects there; and, besides this, water comes to it from more than three leagues (approximately 15 kilometres) by pipes which run along the lower parts of the range outside. This water is brought from a lake which itself overflows into a little river. The tank has three large pillars handsomely carved with figures; these connect above with certain pipes by which they get water when they have to irrigate their gardens and rice-fields. In order to make this tank the said king broke down a hill ... In the tank I saw so many people at work that there must have been fifteen or twenty thousand men, looking like ants ...

(32.1) Why did Krishnadeva Raya construct a tank ? *1*

(32.2) Why did Krishnadeva Raya choose the location at the mouth of two hills for building the tank ? *1*

(32.3) In what ways was the water from the tanks used ? *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**The Nawab has left**

Another song mourned the plight of the ruler who had to leave his motherland :

Noble and peasant all wept together
and all the world wept and wailed
Alas! The chief has bidden adieu to
his country and gone abroad.

(33.1) What was the immediate impact of the removal of the Nawab ? *1*

(33.2) Why was there emotional upheaval at the dethroning and departure of the Nawab ? *1*

(33.3) How did the annexation of Awadh fit into the British colonial strategy ? Explain. *2*


collegedunia India's largest Student Review Platform

〰〰

## खण्ड ङ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न) 5

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) धौलावीरा – हड़प्पा पुरास्थल

(ii) मेरठ स्तम्भ – अशोक के शिलालेख का एक स्थल

(iii) (क) विजयनगर

**अथवा**

(iii) (ख) बीजापुर

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर दो स्थानों को A और B के रूप में चिह्नित किया गया है जो 1857 के दौरान ब्रिटिश के अधीनस्थ थे । उन्हें पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर सही नाम लिखिए । *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **34** के स्थान पर हैं :*

(34.1) किसी एक हड़प्पा पुरास्थल का नाम लिखिए । *1*

(34.2) किसी एक बौद्ध स्थल का उल्लेख कीजिए । *1*

(34.3) (क) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए । *1*

**अथवा**

(34.3) (ख) विजयनगर साम्राज्य के किसी एक पड़ोसी राज्य का नाम लिखिए । *1*

(34.4) 1857 के दौरान ब्रिटिश अधीनस्थ किन्हीं दो शहरों का उल्लेख कीजिए । *2*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## SECTION E
## (Map-Based Question) *5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 23), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Dholavira – a Harappan site

(ii) Meerut Pillar – a site of Asokan inscription

(iii) (a) Vijayanagara

**OR**

(iii) (b) Bijapur

(34.2) On the same political outline map of **India**, two places related to British control in 1857 are marked as A and B. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Name any one Harappan site. *1*

(34.2) Mention any one Buddhist site. *1*

(34.3) (a) Name the capital city of Vijayanagara Empire. *1*

**OR**

(34.3) (b) Mention any one neighbouring state of the Vijayanagara Empire. *1*

(34.4) Mention any two cities which were under the British control during 1857. *2*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

प्रश्न सं. 34 के लिए

For question no. 34







collegedunia
India's largest Student Review Platform